तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/7/19	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उप0। प्रतिवादी पैरोकार उप0। उभय पक्ष को सुना। प्रार्थीनी ने इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि प्रार्थीनी ग्राम– आसाडी तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 135 रकबा 85.02 बीघा भूमि अवस्थित है। प्रार्थीनी की वादग्रस्त भूमि ग्राम आसाडी तह0 गडरारोड़ मे अवस्थित प्रार्थीनी की खातेदारी भूमि मे हल्का पटवारी द्वारा भूलवंश प्रार्थी का नाम जडाव कंवर पत्नी देवीसिंह के स्थान पर चन्द्रकंवर पत्नी देवीसिंह दर्ज है। अतः प्रार्थीनी ने आवेदन मे अंकित भूमि के राजस्व रेकर्ड में अपने नाम के शुद्विकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थीनी का आवेदन दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी पैरोकार को नोटिस जारी किया गया। विप्रार्थी तहसीलदार गडरारोड़ ने अपने जबाव मे प्रार्थीनी के नाम को दुरूस्त किये जाने मे अपनी अनापति जाहिर की है। प्रार्थीनी ने अपने आवेदन के समर्थन में दस्तावेजात नकल वर्तमान जमांबंदी, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड व अन्य दस्तावेजात प्रस्तुत किये। हमने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो व मौखिक अभिकथनों तथा विप्रार्थी के जवाब का अवल्लोकन किया। जिसमें प्रार्थीनी का नाम जडाव कंवर पत्नी देवीसिह ही है। लिहाजा प्रार्थीनी का आवेदन स्वीकार किया जाकर ग्राम आसाडी सिंधियान, तह0 गडरारोड़, के खेत खसरा नम्बर 135 रकबा 85.02 बीघा के राजस्व रेकर्ड मे अन्य सभी प्रविष्टियां यथावत रखते हुए प्रार्थीनी का नाम चन्द्र कंवर पत्नी देवीसिंह के स्थान पर जडाव कंवर पत्नी देवीसिंह घोषित किया जाता है। तहसीलदार गडरारोड़ को इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड मे अमलदरामद सुनिश्चित करने के आदेश दिये जाते हैं। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। आदेश आज दिनांक 24.06.2019 को सरे इजलास सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी शिव	

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Pratap Singh
Date: 2020.01.15 15:46:47 IST
Reason: SelfAttested